वीर हनुमान चले,
देखो धूम धाम से।

तम्बू भी तनेगा तो,
तनेगा धूम धाम से,
राम काज पूरा होगा,
बड़े धूम धाम से,
युद्ध भी ठनेगा तो ठनेगा,
धूम धाम से,
सागर को लांग गए बजरंग,
धूम धाम से,
माँ सीता की खोज में निकले,
बजरंग धूम धाम से,
वीर हनुमान चलें,
देखो धूम धाम से।।

राम जी करा रहे है,
राम जी का काम,
राम जी के काम में,
काहे का आराम है,
लंका में बजरंगी पहुंचे,
सूना राम नाम है,
विभीषण से मिल के जाना,
कैसा लंका धाम है,
अशोक वाटिका पहुंचे,
गाया राम नाम है,

वीर हनुमान चलें,
देखो धूम धाम से।।

अंगूठी निशानी थी,
सुनाया राम हाल है,
माता ना घबराना,
अब तो आया रावण काल है,
भूख लगी तब बोले बजरंग,
फल खाऊ मैं शान से,
रखवारे जब पकड़न लागे,
मारा उने जान से,
राम भक्त कभी ना,
डरेगा परिणाम से,
वीर हनुमान चलें,
देखो धूम धाम से।।

ब्रह्मा जी का मान रखा,
बंधे ब्रह्म पाश में,
रावण को समझाया,
ज्यादा उडो ना आकाश में,
पूछ में लगा दो आग,
बोला रावण मान से,
पूछ लम्बी कर दी बजरंग,
गहरी सी मुस्कान से,
लंका को जलाया देखो,
बड़े धूम धूम धाम से,
वीर हनुमान चलें,
देखो धूम धाम से।।

तम्बू भी तनेगा तो,
तनेगा धूम धाम से,
राम काज पूरा होगा,
बड़े धूम धाम से,
युद्ध भी ठनेगा तो ठनेगा,
धूम धाम से,
सागर को लांग गए बजरंग,
धूम धाम से,
माँ सीता की खोज में निकले,
बजरग धूम धाम से,
वीर हनुमान चले,
देखो धूम धाम से।।

Singer : Rajesh Mishra
Sent By : Raghu Prajapati
7690819208

Source:
https://www.bharattemples.com/veer-hanuman-chale-dekho-dhoom-dhaam-se/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/

Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw